शिकागो शहर
मेयररका कार्यालय न्यू अमेरिकन्स
सभी प्रवासियों का गर्व के साथ स्वागत करताहै

“शिकागो की जीवंतता प्रवासी आबादी की ताकत से बनी है, जो यहाँ आकर नई आजादी की अनुभूति और नए अवसर प्राप्त करते हैं। मैं शिकागो को प्रवासियों के लिए दुनिया का सबसे अनुकूल शहर बनाना चाहता हूँ”

- मेयर Rahm Emanuel

शिकागो के प्रवासियों और शरणार्थियों के लिए संसाधन

शिकागो के सभी निवासी, चाहे वह प्रवासी ही क्यों न हों, शहरी सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इन अनिश्चित अवधियों में सहायता देने के लिए, मेयर Emanuel ने शिकागो इज़ विद् यू (***Chicago Is With You)*** टास्क फ़ोर्स का गठन किया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी प्रवासी और शरणार्थी अपने अधिकारों और संसाधनों के बारे में जानते हैं।

प्रवासियों के लिए कानूनी सहायता

- शिकागो शहर ने निःशुल्क कानूनी परामर्श और प्रवासियों को प्रतिनिधित्व की सुविधा देने के लिए हार्टलैंड अलायंस नेशनल इमिग्रेंट जस्टिस सेंटर (Heartland Alliance's National Immigrant Justice Center) से साझेदारी की है। कृपया 312-660-1370 पर कॉल करें या अधिक जानकारी के लिए www.immigrantjustice.org पर जाएँ।

प्रवासी के रूप में अपने अधिकारों को जानना

- संयुक्त राज्य अमेरिका में सभी व्यक्तियों को कानूनी अधिकार प्राप्त हैं - जिसमें गैर-दस्तावेज़ीकृत प्रवासी भी शामिल हैं। शहर ने द रिसरेक्शन प्रोजेक्ट (The Resurrection Project) और अन्य गैर लाभकारी संगठनों से शैक्षणिक सामग्रियाँ और प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु साझेदारी की है। अधिक जानकारी के लिए www.resurrectionproject.org पर जाएँ या 312-666-3062 पर कॉल करें।

नगर-निगम पहचान कार्यक्रम

- 2017 में, सिटी क्लर्क का ऑफ़िस एक नया प्रोग्राम शुरू करेगा, जिसमें सभी शिकागोवासियों को पहचान प्रदान किया जाएगा, फिर चाहे उनकी नागरिकता की स्थिति जो भी हो। यह ID सभी शहरी सेवाओं और कई निजी सुविधाओं के लिए संतोषजनक मान्यता रखेगी।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी देखभाल

- प्रवासी समुदाय के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण सेवाओं का प्रबंधन लूरी चिल्ड्रेंस हॉस्पिटल (Lurie Children's Hospital) के द्वारा किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए www.luriechildrens.org/youarenotalone पर जाएँ
- यदि आप बच्चों या किशोरों के लिए प्रत्यक्ष सेवाओं की तलाश कर रहे हैं तो कृपया 1-800-345-9049 पर इलिनोइस स्क्रीनिंग असेसमेंट एंड सपोर्ट सर्विसेज़ प्रोग्राम (Illinois Screening, Assessment and Support Services Program) से संपर्क करें
- शिकागो डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल् (Chicago Department of Public Health) शहर के सभी स्थानों पर वयस्कों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है। क्लीनीशियन स्पेनिश और अंग्रेजी भाषा बोलते हैं, जबकि अन्य भाषाओं में अनुवाद की सुविधा उपलब्ध है। अप्वॉइंटमेंट शेड्यूल करने के लिए, कृपया 312-744-1906 पर कॉल करें।

सार्वजनिक सुरक्षा

- एक ऐसा शहर होने के नाते, जो हमेशा प्रवासियों का स्वागत करने के लिए तैयार रहता है, शिकागो प्रवासी कानून पर बल नहीं देता और पुलिस विभाग (Police Department) अपराध पीड़ितों, गवाहों या सहायता मांगने वाले दूसरे लोगों से प्रवासी स्थिति के बारे में नहीं पूछेगा।
- पुलिस से आपातकालीन सहायता प्राप्त करने के लिए 911 और शहरी सेवाओं हेतु गैर-आपातकालीन सहायता प्राप्त करने के लिए 311 पर कॉल करें।
- अगर आपको लगता है कि आपको द्वेष के कारण होने वाले अपराधों का शिकार बनाया गया है तो तुरंत 911 पर कॉल करें या 312-744-4874 पर सिटी ऑफ़ शिकागो कमीशन ऑन ह्यूमन रिलेशन्स (City of Chicago Commission on Human Relations) को कॉल करें। अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया www.cityofchicago.org/cchr पर जाएँ।

शिकागो शहर अपने सभी निवासियों को सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

अगर आपका कोई प्रश्न है या आप कुछ और जानना चाहते हैं तो, 311 पर कॉल करें या ऑफ़िस ऑफ़ न्यू अमेरिकन्स (Office of New Americans) की इस वेबसाइट पर जाएँ:
www.cityofchicago.org/newamericans